बिहार सरकार
उद्योग विभाग
(उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना)

सूचना
शिल्पियों एवं बुनकरों के लिए सुनहरा अवसर

बिहार सरकार, उद्योग विभाग के नियंत्रणाधीन उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा बिहार उत्सव, 2025 का आयोजन दिनांक 16–31 मार्च, 2025 तक दिल्ली के INA दिल्ली हाट, नई दिल्ली में किया जाना है। जिसमें हस्तशिल्प/हस्तकरघा/खादी एवं अन्यान्य के लिए कुल 115 स्टॉल रहेंगे। इस अवसर पर बिहार के शिल्पियों/बुनकरों एवं उद्यमियों द्वारा निर्मित सामग्रियों की बिक्री सह प्रदर्शिनी की जायेगी। इसके लिए उत्कृष्ट शिल्पियों एवं बुनकरों को निःशुल्क स्टॉल आवंटन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा देय नहीं है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना के वेबसाइट www.umsas.org.in पर विजिट करें। आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 25.02.2025 तक है।

नोट :– स्टॉल का आवंटन निम्नांकित शर्त्तों पर किया जायेगा।

1. स्टॉल का आवंटन चयन समिति द्वारा किया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
2. चयनित शिल्पियों को स्टॉल आवंटन की सूचना वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।
3. चयनित शिल्पि इस फेयर में भाग लेने की सूचना दिनांक 10.03.2025 के संध्या 4.00 बजे तक कार्यालय को देंगे। भाग न लेने एवं सूचना न देने की स्थिति में आपको भविष्य में किसी मेला में भाग लेने हेतु अवसर नहीं प्रदान किया जायेगा।
4. बिक्री/प्रदर्शनी हेतु उत्पादित साम्रगी उत्कृष्ट कोटि एवं बिहार राज्य के अर्न्तगत निर्मित होनी चाहिए।
5. स्टॉलधारकों को संस्थान द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में अथवा मेला प्रभारी द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिर्वाय होगा।
6. स्टॉलधारकों को अपने स्टॉल के आस–पास के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। सामान की जिम्मेवारी भी आपकी होगी।
7. बिक्री करने वाले स्टॉलधारकों को बिक्री की मनी रसीद विक्रेता को देनी होगी।
8. स्टॉलधारक अपने–अपने स्टॉल का बैनर उचित आकार में स्वंय प्रदर्शित करेगें।
9. अधिक जानकारी के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,पटना के वेबसाइट www.umsas.org.in पर विजिट करें।

ह०-

निदेशक
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।

ज्ञापांक 143 / पटना, दिनांक 10/02/25

प्रतिलिपि :– आई0टी0 आईटी एक्सपर्ट, उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना को निदेश दिया जाता है कि उक्त विवरणी को संस्थान के बेवसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

10/2/25

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।